Regarding restoration of ancient Dauji Maharaj temple at Hathras

श्री अनूप प्रधान वाल्मीकि **(हाथरस) :** माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे सदन में इस लोक महत्व के महत्वपूर्ण विषय पर अपनी बात रखने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका हृदय से बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं ।

सभापति महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र हाथरस में दाऊ जी महाराज जी का पवित्र मंदिर लगभग 250 वर्ष पुराना स्थित है । वहां लगभग 150 वर्षों से लक्खी मेले का आयोजन किया जाता रहा है । बताया जाता है कि अंग्रेजों द्वारा इस मंदिर पर तोप द्वारा हमला किया था तो उस मंदिर को किसी भी तरह की कोई क्षति नहीं हुई थी ।

सभापति महोदय, मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि इस पवित्र मंदिर का जीर्णोद्धार करने की कृपा करें । बहुत-बहुत धन्यवाद ।